**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 06.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय गृह सचिव ने झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ वर्चुअल माध्यम से की बैठक, सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा की होगी मॉक ड्रिल।**
2. **रांची में आज कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली, पार्टी नेताओं ने भाजपा पर संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप, भाजपा ने कहा–परिवार बचाने निकली है कांग्रेस।**
3. **तेतुलिया वन भूमि गड़बड़ी मामले में इडी की टीम ने बोकारो में फिर दी दबिश, भूमि कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी।**
4. **पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना प्रभावित गांवों के मेधावी विद्यार्थियों को एनटीपीसी प्रदान करेगा मुफ्त कोचिंग की सुविधा, आईआईटी, जेईई और नीट परीक्षा की करायेगा तैयारी।**
5. **मौसम विभाग ने कुछ घंटों बाद रांची, खूंटी, रामगढ़ और सिमडेगा समेत राज्य के 16 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, येलो अलर्ट जारी।**

****************

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने कल होने वाले नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल पर झारखंड समेत सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। नागरिक सुरक्षा महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी राष्ट्रीय राजधानी के गृह मंत्रालय कार्यालय में हुई बैठक में शामिल हुए। केन्द्र ने नागरिक सुरक्षा संबंधी तैयारियों का मूल्यांकन करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मॉक ड्रिल करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

****************

कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज रांची के पुराना विधानसभा मैदान में हो रही है। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल हो रहे हैं। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है।

इधर, भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस का संविधान बचाने का अभियान राजनीतिक ड्रामा है। पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने रांची में कहा कि कांग्रेस संविधान नहीं अपने परिवार को बचाने निकली है।

****************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं लेकिन शासन–प्रशासन इसपर अंकुश लगाने के लिए कोई पहल नहीं कर रही है।

इसपर कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि राज्य की जनता की सुरक्षा की जिम्मेवारी सरकार पर है और भाजपा को इसे लेकर चिंता करने की जरुरत नहीं है।

****************

बोकारो जिले में प्रवर्तन निदेशालय–इडी ने एक बार फिर दबिश दी है। जिले के चास स्थित राणा प्रताप नगर में ईडी की टीम ने आज भूमि कारोबारी महेश नागिया के ठिकानों पर छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार यह छापेमारी सुबह करीब 8 बजे शुरू हुई। छापेमारी दल में ईडी के आठ अधिकारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी तेतुलिया वन भूमि गड़बड़ी मामले में हुई है। इससे पहले, 22 अप्रैल को भी इसी मामले में ईडी ने रांची और बोकारो जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की थी।

****************

झामुमो की नयी कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में 63 लोगों को जगह दी गयी है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे संतुलित टीम बताया है। उन्होंने कहा है कि यह टीम राज्य के भरोसे पर खरा उतरेगी।

****************

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने परियोजना प्रभावित गांवों के मेधावी छात्रों के लिए आईआईटी–जेईई और नीट की मुफ्त कोचिंग सुविधा देने का फैसला किया है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे प्रतिष्ठित करियर विकल्पों की दिशा में सक्षम बनाना है। प्रथम चरण में इस कार्यक्रम का लाभ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण वैसे छात्र ले सकेंगे जो परियोजना प्रभावित गांवों के निवासी हैं।

****************

सरायकेला–खरसांवा जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

*****************

सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बीएसई सेंसेक्स 262 अंक गिरकर 80 हजार 535 पर और एनएसई निफ्टी 5 हजार 96 अंक गिरकर 24 हजार 366 पर आ गया था।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने कुछ घंटों बाद रांची, खूंटी, रामगढ़ और सिमडेगा समेत राज्य के 16 जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

9 से 12 मई तक महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खूंटी जिला कबड्डी संघ के सचिव शिव कुमार महतो का चयन तकनीकी अधिकारी के रुप में किया गया है। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इसकी घोषणा की है।

*******समाप्त*******